Need to recognize ?Sarna? as the 7th religious sect in the country ? laid

श्री नव कुमार सरनीया **(कोकराझार):** सरना धर्मावलंबी देश के आदिवासी 28 राज्यों में आदिकाल से निवास करते आ रहे हैं। प्राचीनतम प्रकृतिवादी सरना धर्म का जीता जागता धर्म ग्रन्थ जल जंगल जमी और प्रकृति है। प्रकृतिवादी सरना धर्म की संस्कृति, पूजा पद्धति, आदर्श, मान्यताएं, रूढ़ि एवं प्रथाएं प्रचलित सभी धर्म से अलग है। वे लोग प्रकृति के पुजारी हैं। वर्ष 2011 की जनगणना में आदिवासी बहुल राज्यों में 45 लाख 57 हजार 467 सरना धर्मावलम्बियों ने जनगणना अनुसूची के अन्य कलम में अपना धर्म सरना लिखा था, जो बड़े धर्म की संख्या में छठे स्थान पर है। अतः मेरा अनुरोध है कि आने वाले जनगणना अनुसूची पत्र में इसे मुख्य छ. धर्मो के साथ सातवा खंड (बॉक्स) बनाकर सातवें धर्म के रूप में सरना धर्म को सूचीवद्ध करने की कृपा करें।